277
11/9/12

खण्ड - 8 संख्या - 8

सत्यमेव जयते

# नवम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

अष्टम् सत्र

## ( भाग-1, कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

मंगलवार, तिथि : 19 जनवरी, 1988 ई०

## मुंगेर में प्रोजेक्ट विद्यालय की स्थापना

**झ- 160. श्री अलख शर्मा :** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि 1985 में सूर्यगढ़ा, मुंगेर में प्रोजेक्ट विद्यालय की स्थापना की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि अभी यह विद्यालय बुनियादी राजकीय विद्यालय में चल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रोजेक्ट विद्यालय के भवन-निर्माण का कार्य कराने का विचार रखती है?

**प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग,-** (1) वस्तुस्थिति यह है कि प्रत्येक प्रखंड में एक कन्या माध्यमिक विद्यालय सहित चार माध्यमिक विद्यालय की स्थापना योजना के अन्तर्गत 1984-85 में एक कन्या उच्च विद्यालय खोलने हेतु प्रासंगिक प्रखंड का चयन किया गया है।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(3) जहां तक भवन-निर्माण का प्रश्न है भवन-निर्माण हेतु क्षेत्रीय उपशिक्षा निदेशक, भागलपुर ने 10 जून 1987 के प्रतिवेदन के अनुसार सूर्यगढ़ा में 1.83 एकड़ भूमि की व्यवस्था हो गई है। जिला पदाधिकारी द्वारा भवन-निर्माण विभाग को कार्य करने का आदेश भी दिया गया है। पूरे जिला के 6 विद्यालय के लिये 13 लाख 88 हजार रु. आवंटित भी किया जा चुका है।

---

## गलत नियुक्ति पर कार्रवाई

**थ- 57. श्री अयोध्या प्रसाद सिंह :** क्या मंत्री, कल्याण विभाग,